# विशेषण

## संख्यावाचक विशेषण

जिन शब्दों के द्वारा हम संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं।

**जैसे:**

| | |
|---|---|
| **श्वेत:** पुष्प | सफेद फूल |
| **कृष्ण:** सर्प: | काला साँप |
| **गतिमान:** गज: | गतिमान (चलता हुआ) हाथी। |

**श्वेत:**, **कृष्ण:** तथा **गतिमान:** उपरोक्त पदों के विशेषण हैं क्योंकि इनसे इन पदों की विशेषताएं बताई गई हैं।

**संख्यावाचक विशेषण**

ऐसे विशेषण जिनसे हमें पदों की संख्याओं का पता चलता है, संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं।

| | |
|---|---|
| जैसे: एकम् फलम् | एक फल |



| | |
|---|---|
| द्वे पुस्तके | दो पुस्तकें |



त्रीणि कन्दुकानि — तीन गेंदें



**संख्यावाचक शब्द**

एक से बीस तक

1. एक: एकम्, एका

2. द्वौ, द्वे

3. त्रय: (त्रीणि)

4. चत्वार: (चत्वारि, चतस्र)

5. पञ्च

6. षट्

7. सप्त

| | |
|---|---|
| 8. | अष्ट |
| 9 | नव |
| 10. | दश |
| 11. | एकादश |
| 12. | द्वादश |
| 13. | त्रयोदश |
| 14. | चतुर्दश |
| 15. | पञ्चादश |
| 16. | षोडश |
| 17. | सप्तदश |
| 18. | अष्टादश |

| | |
|---|---|
| 19. | नवदश, एकोनविंशति: |
| 20. | विंशति: |

आप इन संख्याओं का प्रयोग करके सरल वाक्य बना सकते हैं।

आपको हम अब इन संख्यावाची शब्दों के रुपों का परिचय कराएंगे। इनका उपयोग भी विभक्ति एवं लिंग के अनुसार होता है।

**एक शब्द**

| विभक्ति | **पुँल्लिङ्गम्** | **स्त्रीलिंङ्गम्** | **नपुँसकलिंङ्ग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | एक: | एका | एकम् |
| द्वितीया | एकम् | एकाम् | एकम् |
| तृतीया | एकेन | एकया | एकेन |
| चतुर्थी | एकस्मै | एकस्यै | एकेस्मै |
| पञ्चमी | एकस्मात् | एकस्या: | एकस्मात् |
| षष्ठी | एकस्य | एकस्या: | एकस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सप्तमी | एकस्मिन् | एकस्याम् | एकस्मिन् |

* '**एक**' शब्द के रुप सदा एकवचन में ही होते हैं।

**द्वि= दो (द्विवचन में)**

| विभक्ति | **पुँल्लिङ्गम्** | **स्त्रीलिंङ्गम्** | **नपुँसकलिंङ्ग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | द्वौ | द्वे | द्वे |
| द्वितीया | द्वो | द्वे | द्वे |
| तृतीया | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् |
| चतुर्थी | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् |
| पञ्चमी | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् | द्वाभ्याम् |
| षष्ठी | द्वयो: | द्वयो: | द्वयो: |
| सप्तमी | द्वयो: | द्वयो: | द्वयो: |

**त्रि = तीन**

| विभक्ति | **पुँल्लिङ्गम्** | **स्त्रीलिंङ्गम्** | **नपुँसकलिंङ्ग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | त्रय: | तिस्र: | त्रीणि |
| द्वितीया | त्रीन् | तिस्र: | त्रीणि |
| तृतीया | त्रिभि: | तिसृभि: | त्रिभि: |
| चतुर्थी | त्रिभ्य: | तिसृभ्य: | त्रिभ्य: |
| पञ्चमी | त्रिभ्य: | तिसृभ्य: | त्रिभ्य: |
| षष्ठी | त्रयाणाम् | तिसृणाम् | त्रयाणाम् |
| सप्तमी | त्रिषु | तिसृषु | त्रिषु |

**चत्वार (चार) बहुवचन**

| विभक्ति | **पुँल्लिङ्गम्** | **स्त्रीलिंङ्गम्** | **नपुँसकलिंङ्ग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | चत्वार: | चतस्र: | चत्वारि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्वितीया | चतुरः | चतस्रः | चत्वारि |
| तृतीया | चतुर्भिः | चतसृभिः | चतुर्भि |
| चतुर्थी | चतुर्भ्यः | चतसृभ्यः | चतुर्भ्यः |
| पञ्चमी | चतुर्भ्यः | चतुसृभ्यः | चतुर्भ्यः |
| षष्ठी | चतुर्णाम् | चतसृणाम् | चतुर्णाम् |
| सप्तमी | चतुर्षु | चतसृषु | चतुर्षु |

पाँच, छः, सात, आठ, नौ, दस इन सबके रुप सभी लिंगों में एक समान ही होते हैं।

**विभक्ति**

| | |
|---|---|
| प्रथमा | पञ्च |
| द्वितीया | पञ्च |
| तृतीया | पञ्चभिः |

| | |
|---|---|
| चतुर्थी | पञ्चभ्य: |
| पञ्चमी | पञ्चभ्य: |
| षष्ठी | पञ्चानाम् |
| सप्तमी | पञ्चसु |

## क्रमवाचक एवं गुणवाचक विशेषण

### क्रमवाची

अब आप अपने कक्षा तथा अन्य कक्षाओं के छात्रों की गणना क्रमवाचक पूरणी की सहायता से करें।

| | |
|---|---|
| 1. | प्रथम: |
| 2. | द्वितीय: |
| 3. | तृतीय: |
| 4. | चतुर्थ: |
| 5. | पंचम्: |

| | |
|---|---|
| 6. | षष्ठ: |
| 7. | सप्तम: |
| 8. | अष्टम: |
| 9 | नवम: |
| 10. | दशम: |

आइए अब हम कुछ गुणवाचक विशेषणों की बात करें।

**गुणवाचक विशेषण**

वे शब्द जो संज्ञा तथा सर्वनाम के गुण के अनुसार विशेषता बताते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

**जैसे:** ज्येष्ठ: भ्राता।

बड़ा भाई।

चतुर: बक:।

चालाक बगुला।

शुष्क: वृक्ष:।

सूखा पेड़।

कनिष्ठ: छात्र:।

छोटे छात्र:।

उच्चः पर्वतः।

ऊँचा पहाड़।